किसी समेकित वित्तीय संस्था का पूंजी बाज़ारों (निधि-आधारित तथा गैर निधि आधारित, दोनों) में सकल एक्सपोजर पिछले वर्ष 31 मार्च को उसकी समेकित निवल मालियत के 40 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। इस समग्र सीमा के भीतर समेकित वित्तीय संस्था (एनएचबी, नाबार्ड, एक्ज़िम बैंक) का शेयर्स, परिवर्तनीय बांड/डिबेंचर, इक्विटी उन्मुख म्युच्युअल फंड के यूनिट तथा जोखिम पूंजी निधियों (वीसीएफ) [पंजीकृत और गैर-पंजीकृत, दोनों] में सभी एक्सपोजरों के लिए सीधा निवेश उसकी समेकित निवल मालियत के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिएं। तथापि, सिडबी के लिए शेयर, संपरिवर्तनीय बांड/डिबेंचर, इक्विटी उन्मुख मुच्युअल फंड के यूनिट तथा जोखिम पूंजी निधियों (वीसीएफ) [पंजीकृत और गैर-पंजीकृत, दोनों] में सभी एक्सपोजर में सीधा निवेश इस समग्र सीमा के भीतर उसकी निवल मालियत के 40 प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिएं।

**ग. सीएमई पर जोखिम भार**

1) वित्तीय संस्था का सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यम (संयुक्त उद्यम वह है, जहां बैंक/ वित्तीय संस्था, अपनी समनुषंगियों सहित, इक्विटी का 25 प्रतिशत धारण करता है), एसएफसी, भारत में एमएसएमई के विकास के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय संरचना बनाने वाली संस्थाओं, एसएमई रेटिंग एजेंसी ऑफ इंडिया लि. (एसएमईआरए), इंडिया एसएमई टेक्नोलॉजी सर्विसेज़ लि. (आईएसटीएसएल), इंडिया एसएमई एसेट रीकन्स्ट्रक्शन कंपनी लि.(आईएसएआरसी), नॉर्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट फाईनैंस कॉर्पोरेशन लि.(नेडफी) आदि में इक्विटी निवेश, और साथ ही वित्तीय संस्था द्वारा सीडीआर प्रणाली के अंतर्गत ऋण/ अतिदेय ब्याज के इक्विटी में परिवर्तन के परिणाम-स्वरूप अभिग्रहीत शेयर को एतद् द्वारा सीएमई की गणना से छूट दी जाती है। तथापि, सूचीबद्धता के बाद भारत में एमएसएमई के विकास के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय संरचना बनाने वाली संस्थाओं में एक्सपोजर, जो मूल एक्सपोजर (अर्थात् सूचीबद्धता से पहले) से आधिक्य में है, पूंजी बाजार एक्सपोजर का भाग बनेगा ( यदि वे न तो समनुषंगी हैं, न ही संयुक्त उद्यम)। इस संबंध में आप अनुसूचित वाणिज्यक बैंकों के लिए एक्सपोजर मानदंड पर मास्टर परिपत्र के पैरा 2.3.5 से मार्गदर्शन प्राप्त करें।

2) सीएमई मानदंडों से छूट प्राप्त निवेशों पर जोखिम भार एचटीएम तथा गैर-एचटीएम वर्गों के अंतर्गत निवेश के वर्गीकरण के आधार पर लगाया जाए।

3) सहायक कंपनियों, जेवी (जैसा कि पैरा 1 में परिभाषित किया गया है) तथा एसएफसी में इक्विटी निवेश को एचटीएम वर्ग में वर्गीकृत किया जा सकता है।

4) निम्नलिखित वर्गों में इक्विटी निवेश को गैर-एचटीएम के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाए।

- संस्थाओं (जेवी के अलावा) में इक्विटी निवेश, जो एमएसएमई के विकास हेतु महत्वपूर्ण वित्तीय संरचना बनाते हैं।
- सीडीआर प्रणाली के अंतर्गत ऋण/ अतिदेय ब्याज के इक्विटी में परिवर्तन के परिणाम-स्वरूप वित्तीय संस्थाओं द्वारा अभिग्रहीत शेयर
- वीसीएफ में इक्विटी निवेश

5) आपके सीएमई मानदंड़ों से छूट-प्राप्त एक्सपोजर सहित पूंजी बाजार एक्सपोज़र पर जोखिम भार का सारांश सुलभ संदर्भ हेतु अनुबंध-VII में दिया गया है।
6) आपको सूचित किया जाता है कि आगामी तुलन-पत्र के साथ ही उपर्युक्त विधान का प्रयोग करें।

3. **आंतरिक नियंत्रण प्रणाली**

**3.1 आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों के लिए दिशानिर्देश**

**4. सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) से इतर प्रतिभूतियों से संबंधित दिशानिर्देशों के अंतर्गत छूट**

सांविधिक चलनिधि अनुपात से इतर प्रतिभूतियों से संबंधित विद्यमान दिशानिर्देशों के अनुसार, गैर सूचीबद्ध एसएलआर से इतर प्रतिभूतियों में किसी बैंक का निवेश पिछले वर्ष के 31 मार्च को एसएलआर से इतर प्रतिभूतियों में उसके कुल निवेश के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। इसके अलावा, बैंकों को एसएलआर से इतर अनरेटेड प्रतिभूतियों में निवेश नहीं करना चाहिए। वीसीएफ के गैर सूचीबद्ध तथा अनरेटेड बॉण्डों में किए गए निवेशों को इन दिशानिर्देशों से छूट दी जाएगी।

**5. वीसीएफ में बैंकों द्वारा अनुकूल (स्ट्रटेजिक) निवेशों के लिए भारिबैं का अनुमोदन**

वीसीएफ में अनुकूल निवेश अर्थात् वीसीएफ की ईक्विटी/यूनिट पूंजी के 10 प्रतिशत से अधिक के समकक्ष निवेश करने के लिए बैंकों को भारतीय रिज़र्व बैंक का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करना चाहिए।

तथापि, सिडबी के मामले में निम्नलिखित दिशा-निर्देश लागू होंगे:

(i) भारतीय रिज़र्व बैंक का पूर्व अनुमोदन लिए बिना सिडबी की वीसीएफ में निवेश सीमा वर्तमान 15 प्रतिशत से बढ़ा कर इस परंतुक के अधीन 20 प्रतिशत कर दी गई है की वे 175 प्रतिशत का पूंजी प्रभार बनाए रखेंगे। विशिष्ट जोखिमों के लिए, जहां सिडबी का सीएमई 20 प्रतिशत और 30 प्रतिशत के बीच है, यह पूंजी प्रभार 200 प्रतिशत होगा, तथा 30 प्रतिशत से ऊपर और 40 प्रतिशत तक सीएमई के लिए विशिष्ट जोखिमों पर पूंजी प्रभार 225 प्रतिशत होगा।

(ii) किसी भी जोखिम निधि में सिडबी के निवेश को समर्पित एमएसएमई माना जाएगा, जब तक कि सिडबी के अंशदान का कम से कम दोगुना अथवा अपनी निधियों का 50 प्रतिशत, में से एमएसएमई के लिए जो भी अधिक हो, निधि निवेश करता है।

--------------------------

अनुबंध VI

दि.01.07.14 के परिपत्र बैंपविवि.सं.एफआईडी.एफआईसी.3/01.02.00/2014-15 का

**कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियों (रिज़र्व बैंक) में रेपो संबंधी निदेश, 2010**

**1. संक्षिप्त नाम और निदेशों की शुरुआत**

इन निदेशों को कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियों (रिज़र्व बैंक) में रेपो संबंधी निदेश, 2010 कहा जाता है, और ये 01 मार्च 2010 से लागू होंगे।

**2. परिभाषाएं**

क. 'कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूति' का मतलब है अपरिवर्तनीय ऋण प्रतिभूतियां, जो ऋणग्रस्तता का निर्माण या अभिस्वीकृति करती हैं, जिसमें केंद्र या राज्य के किसी अधिनियम द्वारा या अधीन गठित किसी कंपनी या कॉर्पोरेट निकाय के डिबेंचर, बांड और ऐसी अन्य प्रतिभूतियां शामिल हैं, चाहे वे कंपनी या निकाय कॉर्पोरेट की आस्तियों पर प्रभार गठित करती हैं या नहीं, किंतु इसमें सरकार, अथवा रिज़र्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट ऐसे अन्य व्यक्तियों द्वारा जारी प्रतिभूतियां, प्रतिभूति रसीदें तथा प्रतिभूतिकृत ऋण लिखत शामिल नहीं हैं।

ख. 'प्रतिभूति रसीद' का मतलब है वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) की धारा 2 के खण्ड (यछ) में परिभाषित प्रतिभूति।

ग. 'प्रतिभूतिकृत ऋण लिखत का मतलब प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (1956 का 42) की धारा 2 के खण्ड (ज) के उप-खण्ड (जङ) में बताए गए स्वरूप की प्रतिभूतियां है।

**3. कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियों में रेपो के लिए पात्र प्रतिभूतियां**

क. केवल सूचीबद्ध कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियां, जिन्हें रेटिंग एजेंसियों ने 'एए' या उससे ऊपर रेटिंग दिया है, जिन्हें रेपो विक्रेता के प्रतिभूति खाते में अमूर्त रूप में रखा गया है, रेपो करने के लिए पात्र होंगी। इसके समान न्यूनतम एए और उससे अधिक रेटिंग वाले एक वर्ष से कम मूल परिपक्वता वाले वाणिज्य पत्रों, जमा प्रमाणपत्रों तथा अपरिवर्तनीय डिबेंचरों के रेपो की भी अनुमति दी जाएगी।

**4. पात्र सहभागी**

कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियों में रेपो लेनदेन करने के लिए निम्नलिखित संस्थाएं पात्र होगी:

क. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों तथा स्थानीय क्षेत्र बैंकों को छोड़ कर सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक;

ख. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्राधिकृत कोई प्राथमिक व्यापारी;

ग. भारतीय रिज़र्व बैंक के पास पंजीकृत कोई गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (सरकारी कंपनियों के अलावा, जैसा कि कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 617 में परिभाषित किया गया है);

घ. अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाएं, अर्थात् एक्ज़िम बैंक, नाबार्ड, एनएचबी और सिडबी;

ङ. अनुसूचित शहरी सहकारी बैंक

च. संबंधित विनियामकों के अनुमोदन के अधीन अन्य विनियमित संस्थाएं, जैसे,

i. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास पंजीकृत कोई मुच्युअल फंड;

ii. राष्ट्रीय आवास बैंक के पास पंजीकृत कोई आवास वित्त कंपनी;तथा

iii. बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण के पास पंजीकृत कोई बीमा कंपनी

छ. इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनैन्स कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल)

ज. रिज़र्व बैंक द्वारा विशिष्ट रूप से अनुमत कोई अन्य संस्था

कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियों में रेपो की न्यूनतम अवधि एक दिन तथा अधिकतम अवधि एक वर्ष होगी।

**6. सौदा**

सहभागी कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियों में रेपो लेनदेन ओटिसी बाजार में करेंगे।

**7. सौदों की रिपोर्टिंग**

क. सौदा करने के 15 मिनट के भीतर सभी सौदों को एफआईएमएमडीए रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म पररिपोर्ट करना होगा।

ख. सौदों को समाशोधन और निपटान के लिए एक्सचेंज के समाशोधन गृहों में से किसी एक में भी रिपोर्ट करना होगा।

**8. सौदों का निपटान**

क. कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियों में रेपो सौदों का निपटान डीवीपी I (सकल आधार) संरचना के अंतर्गत वर्तमान टी+0, टी+1 तथा टी+2 आधार पर करने की अनुमति है।

ख. कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियों में रेपो सौदों का निपटान उसीप्रकार किया जाएगा, जैसा कि कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियों में एकमुश्त ओटीसी सौदों में किया जाता है।

ग. रेपो सौदों के प्रतिवर्ती सौदों की तारीख को समाशोधन गृह पक्षों के दायित्वों की गणना करेंगे तथा डीवीपी आधार पर निपटान की सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

**9. रेपोकृत प्रतिभूति के विक्रय पर प्रतिबंध**

रेपो के अंतर्गत अधिगृहीत प्रतिभूति का रेपो क्रेता ( निधि उधारकर्ता) द्वारा रेपो अवधि के दौरान विक्रय नहीं किया जाएगा।

**10. हेयरकट**

कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियों में रेपो सौदों का निपटान डीवीपी I (सकल आधार) संरचना के अंतर्गत वर्तमान टी+1 तथा टी+2 आधार के अतिरिक्त टी+0 आधार पर करने की अनुमति है। कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियों के सौदे के पहले चरण की तारीख को लागू बाजार मूल्य में लागू न्यूनतम हेयरकट, जिसे पहले 25 प्रतिशत निर्धारित किया गया था, को निम्नानुसार संशोधित किया गया है:

| रेटिंग | एएए | **एए**+ | एए |
|---|---|---|---|
| **न्यूनतम मार्जिन (हेयरकट)*** | **7.5%** | **8.5%** | **10.00 %** |
| * उक्त हेयरकट न्यूनतम निर्धारित हेयरकट हैं, जहां रेपो की अवधि एक दिन है, अथवा जहां शेष आवृत्ति (दीर्घावधि रेपो के मामले में) रोजाना है। अन्य सभी मामलों में सहभागी उच्चतर हेयरकट अपना सकते हैं। | | | |

**11. मूल्यन**

कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूति का बाजार मूल्य जानने के लिए कॉर्पोरेट बांड में रेपो के सहभागियों को एफआईएमएमडीए में प्रकाशित क्रेडिट स्प्रेड का संदर्भ लेना चाहिए।

**12. पूंजी पर्याप्तता**

दिनांक 01 जुलाई 2009 के मास्टर परिपत्र बैंपविवि.सं.बीपी.बीसी.21/21.06.001/2009-10 के पैरा 7.3.8 के

अनुसार कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियों में रेपो लेन-देन पर पूंजी प्रभार लगाया जाएगा।

**13. प्रकटन**

रेपो अथवा रिवर्स रेपो के अंतर्गत उधार दी गई या उपार्जित कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियों का ब्योरे का प्रकटन तुलन-पत्र में "लेखे पर टिप्पणियां" में किया जाएगा।

**14. लेखांकन**

कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियों में रेपो लेन-देन का लेखांकन सरकारी प्रतिभूतियों में रेपो/रिवर्स रेपो लेन-देन के एक समान लेखांकन के संबंध में संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा।

**15. सीआरआर/एसएलआर की गणना और उधार लेने की सीमा**

क. किसी बैंक द्वारा रेपो के माध्यम से ली गई उधार राशि को इसकी मांग और मीयादी देयताओं (डीटीएल) का ही भाग माना जाएगा और इन पर 1 जुलाई 2013 के मास्टर परिपत्र डीबीओडी. सं. आरईटी. बीसी.19/12.01.0001/2013-14 के प्रावधानों के अनुसार सीआरआर/एसएलआर लागू होगा।

ख. किसी बैंक द्वारा रेपो के माध्यम से कॉरपोरेट बॉन्ड के रूप में ली गई उधार को रिजर्व अपेक्षाओं के लिए इसकी देयताओं के रूप में गिना जाएगा और बैंकिंग प्रणाली के प्रति उत्पन्न ऐसी देयताओं की सीमा तक, इनको भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम,1934 की धारा 42 (1) के स्पष्टीकरण खंड (घ) के अनुसार सकलयोजित किया जाएगा। तथापि, ऐसी उधार दिनांक 6 मार्च 2007 के परिपत्र डीबीओडी. बीपी. बीसी. 66/21.01.002/2006-07 में वर्णित अंतर बैंक देयताओं की विवेकपूर्ण सीमा के अधीन होंगी।

**16. प्रलेखीकरण**

एफआईएमएमडीए द्वारा अंतिम रूप दिए गए प्रलेखीकरण के अनुसार सहभागी द्विपक्षी मास्टर रेपो करार करेंगे।

----------------------------------------------

